छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

Ref No.सी.एस.जे.एम.वि.वि./मु0 एवं प्रकाशन/674(2)/2009 दिनांकः- 07.12.2009

क्रमांक................ **मूल्य : रू0 200/-**

निविदा-प्रपत्र

वर्ष 2010 की परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिकाओं के निर्माण के लिये निम्न शर्तो के अनुसार कार्य करना है । निविदा दिनांक 22.12.2009 को अपराह्न 2.00 बजे तक सहा0 कुलसचिव (पी0पी0), छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कक्ष में शील्ड लिफाफे में प्राप्त की जायेगी जिस पर उत्तर पुस्तिका निर्माण वर्ष 2010 अंकित किया जायेगा ।यह निविदा उसी दिन 3. 00 बजे सभागार कक्ष में निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी ।

1. 'अ' उ0पु0 पृष्ट 24 आवरण पृष्ठ सहित मुद्रित होगी । उ0पु0 18"x 22" आकार की शीट्स पर निर्मित होगी । उ0पु0 की माप 8.5"x 10.5" होगी । दर प्रति हजार दी जाए ।

   दर प्रति हजार रु...............................

2. 'ब' उ0पु0 पृष्ट 8 आवरण पृष्ठ सहित मुद्रित होगी । उ0पु0 18"x 22" आकार की शीट्स पर निर्मित होगी । उ0पु0 की माप 8.5"x 10.5" होगी । दर प्रति हजार दी जाए ।

   दर प्रति हजार रु...............................

3. दोनों प्रकार की उ0पु0 के निर्माण कार्य में रूलिंग मार्जिन, आवरण पृष्ठ (प्रथम एवं अन्तिम) का मुद्रण ''अ'' उ0पु0 में बाई ओर ऊपर से नीचे धागे (मजबूती) से सिलाई होगी । दोनों प्रकार की उ0पु0 के आवरण पृष्ठ पर विश्वविद्यालय का लोगो मुद्रित होगा तथा बाये कोने पर सी0एस0जे0एम0 छिद्रण तथा उ0पु0 बांधने हेतु छिद्र बनाना होगा । ''अ'' तथा ''ब'' उ0पु0 पर नम्बरिंग करनी होगी तथा ''अ'' उ0पु0 500 की पैकिंग एवं ''ब'' उ0पु0 1000 की पैकिंग मजबूती के साथ टाट-पट्टी में करना होगा एवं प्रत्येक बण्डल के ऊपर उ0पु0 के वर्ग (यथा ''अ''-500 अथवा ''ब''-1000) की स्लिप तथा नम्बरिंग (कहां से कहां तक) का विवरण स्लिप पर देना होगा । इसकी समस्त जिम्मेदारी फर्म की होगी ।

4. निविदा के साथ रु. 50,000 (रुपये पचास हजार मात्र) का **बैंक ड्राफ्ट** सुरक्षा धनराशि के रूप में **वित्त अधिकारी छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर** के पक्ष में संलग्न करना अनिवार्य है । अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

5. केवल वे ही फर्म निविदा देने हेतु अधिकृत होगी, जिनके पास मुद्रण कार्य हेतु ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन उपलबध हो व मशीन क्रियाशील हो । इसके लिए उन्हें अपने निविदा प्रपत्र के साथ ऑफसेट मशीन सहित अन्य प्रयोग में लायी जाने वाली मशीन/उपकरणों का विवरण आदि जो मुद्रण/उ0पु0 निर्माण व्यवसाय के लिए अनिवार्य है, अंकित करते हुए लिखित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा । समस्त प्रमाण पत्र उसी फर्म व पते के नाम का होना चाहिए । जिस फर्म के नाम से निविदा दी जा रही है । साथ ही बिक्री कर व आयकर का पंजीकरण सं0, आयकर का स्थायी खाता संख्या (पैन नम्बर) का प्रमाण-पत्र भी निविदा के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है ।

क्रमशः.....2

6. केवल वे ही फर्म निविदा देने हेतु अधिकृत होंगी, जिन्हें विश्वविद्यालय के उत्तर पुस्तिकाओं के निर्माण कार्य का पूर्ण अनुभव प्राप्त हो, का प्रमाण पत्र, निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है ।

7. जिस फर्म की दरें स्वीकृत होगी उसे अथवा उन फर्मो को विश्वविद्यालय के साथ **निर्धारित शर्तों पर एक अनुबन्ध करना होगा** । जिसका प्रारूप विश्वविद्यालय से देखा जा सकता है ।

8. निविदादाता का वार्षिक टर्न ओवर कम से कम 10 लाख से अधिक का होना चाहिए । जो कि चार्टेड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित हो, का प्रमाण-पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य है । साथ ही गोदाम का बीमा रुपये 10,00,000.00 तथा बैंक गारन्टी रुपये 2,00,000.00 के प्रमाण स्वीकृत निविदादाताओं को प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।

9. उत्तर पुस्तिकाओं के निर्माण हेतु फर्म को कागज विश्वविद्यालय के गोदाम से तथा निर्मित उ0पु0 विश्वविद्यालय के गोदाम में पहुँचाने की जिम्मेदारी निर्वहन करनी होगी जिसके लिए सम्पूर्ण व्यय फर्म को ही वहन करना होगा ।

10. उ0पु0 के निर्माण में विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए कागज पर फर्म को केवल एक प्रतिशत का वेस्टेज विश्वविद्यालय द्वारा देय होगा एवं कतरन भी फर्म को रखने का अधिकार होगा ।

11. उ0पु0 पुस्तिका निर्मित करने वाली फर्म द्वारा कागज निर्गत करने के 08 दिन के बाद हर सप्ताह कम से कम दो लाख उत्तर पुस्तिका निर्मित कर भण्डार को उपलब्ध करायेगी । ऐसा न करने की स्थिति में रुपये 1000.00 प्रति दिन की दर से कटौती की जायेगी ।

12. विश्वविद्यालय को यह अधिकार है कि वह एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर सके । किसी भी प्रकार की अपूर्ण निविदा स्वीकार नहीं होगी ।

उपरोक्त निविदा प्रपत्र एवं संलग्न शर्तें मेरे द्वारा भली भांति पढ़ ली गयी हैं तथा उसमें निहित नियम एवं शर्तें मुझे मान्य हैं ।

फर्म का नाम एवं पता ....

दूरभाष संख्या..

संलग्न सुरक्षा धनराशि का विवरण...

तिथि एवं हस्ताक्षर निविदादाता ....

कुलसचिव